# स्कूल की 60वीं वर्षगांठ: एयरोस्पेस-इनोवेशन लैब का किया अवलोकन



कोलकाता. कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**कोलकाता @ पत्रिका.** बीडीएम इंटरनेशनल ने अपने 60वें स्थापना दिवस (हीरक जयंती) की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एयरोस्पेस लैब, इनोवेशन लैब और कला प्रदर्शनी के अवलोकन से हुई। प्रकृति के प्रति समर्पण दिखाते हुए सीईओ एसएल गुप्ता और प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता ने स्कूल प्रबंधन कमेटी के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर पुराने शिक्षक और छात्र भी उपस्थित थे। उपाध्यक्ष उत्सव खेतान ने वर्चुअल माध्यम से शुभकामनाएं दीं और विगत तीन वर्षों में दो राष्ट्रीय टॉपर देने पर स्कूल को बधाई दी। दीप प्रज्वलन कर संस्थापक जीएन खेतान, द्रौपदी देवी खेतान और संस्थापक प्रधानाचार्या उषा मेहता को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य समारोह ऑडिटोरियम में हुआ, जहां रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के संयोजक सीईओ एसएल गुप्ता और प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया। उन्होंने विद्यालय की 60 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही, शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता दोहराई और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के नए प्रतीक चिन्ह (लोगो) का अनावरण किया गया। यह लोगो विद्यार्थियों की प्रतियोगिता से चुना गया था, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को रजत सिक्कों से सम्मानित किया गया।